# खुशनुमा जीवन का पैगाम आपके नाम



कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए दादी रतनमोहिनी के साथ संतोष यादव, ओमप्रकाश यादव, ब्र.कु. रतन, ब्र.कु. उषा, ब्र.कु. मनोरमा, ब्र.कु. सुरेश व अन्य।

- आत्मा समझकर परमात्मा को याद करें तो भर जायेगी विशेषता - दादी रतनमोहिनी
- नारनौल में दिखा कृष्ण की बाललीला का एक अद्भुत दृश्य
- 359 बच्चे नन्हें श्रीकृष्ण की ड्रेस में पहली बार एक स्थान पर एक साथ, अहमदनगर से आये ब्र.कु. दीपक हरके ने इसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने की बात कही
- जीवन में स्वस्थ रहने के लिए तन और मन दोनों को सशक्त बनाने की मिली टिप्स
- परमात्मा हमें इतना सम्पन्न बना देगा, किसी चीज़ की नहीं रहेगी कमी - ब्र.कु. मनोरमा
- महान व पवित्र बनाने का कार्य सिर्फ ब्रह्माकुमारियाँ ही कर सकती हैं - संतोष यादव



श्रीकृष्ण की पोशाक में 359 बच्चों के साथ ब्र.कु. दीपक हरके व ब्र.कु. बहन।

**नारनौल।** परमात्मा द्वारा दी गई शिक्षा से जीवन को खुशनुमा बनाना बहुत सहज है। परमात्मा हमें आध्यात्मिक शक्तियों से सम्पन्न बनाकर श्रेष्ठ कर्म करना सिखाता है। उक्त उद्गार पुलिस लाईन ग्राउण्ड में `खुशनुमा जीवन का पैगाम-आपके नाम' विषय पर आयोजित विशाल कार्यक्रम में संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानव अपने जीवन में तनाव और परेशानियों से बहुत दु:खी व निराश है। ऐसे समय में खुद को आत्मा समझकर परमात्मा को याद करें तो स्वयं में दिव्य शक्ति भरेगी जिससे जीवन में खुशहाली की नई राह मिल सकती है। इसलिए स्वयं को और परमपिता परमात्मा को पहचानना ज़रूरी है।

इस कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के केन्द्र थे 359 नन्हें `श्रीकृष्ण'। हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित `गीता जयंती महोत्सव' के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ के प्रयासों से नारनौल में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में श्रीकृष्ण के ड्रेस में बच्चे एकत्रित हुए। नारनौल और आसपास के कस्बों और गांवों से श्रीकृष्ण की ड्रेस में एकत्रित हुए 359 बच्चे मानों सभा में उपस्थित लगभग 6000 लोगों को जीवन का आनंद लेने के लिए प्रेरित कर रहे थे। मुम्बई से आये जीवन प्रबंधन ट्रेनर स्वामीनाथन ने सभी को जीवन में खुश रहने के लिए तन और मन दोनों को स्वस्थ और सशक्त बनाने की टिप्स दिये। इलाहाबाद से आयीं ब्र.कु. मनोरमा ने जीवन में खुशहाली के लिए दूसरों को देखने के बजाय स्वयं को देखने की सीख देते हुए कहा कि स्वयं को सुखी रखने के लिए अपने अंदर छिपी हुई शक्तियों को जागृत करें तो वह परमात्मा हमें इतना सम्पन्न बना देगा कि किसी चीज़ की कमी नहीं रहेगी। उन्होंने सभी को राजयोग के अभ्यास द्वारा शांति की अनुभूति कराई।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए हरियाणा विधानसभा की डिप्युटी स्पीकर संतोष यादव ने कहा कि जीवन को खुशनुमा बनाने की कला सिखाने का कार्य तो यह महान और पवित्र आत्मायें ही कर सकती हैं। मैं मानती हूँ कि अपने विचारों को शुद्ध बनाकर ही हम खुश रह सकते हैं, तनाव से मुक्त हो सकते हैं।

विधायक ओमप्रकाश यादव ने दादी रतनमोहिनी जी का धन्यवाद करते हुए अनुरोध किया कि हर वर्ष नारनौल आकर हमें आशीर्वाद देते रहें। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा समाज उत्थान में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ये बड़ी लगन से और नि:स्वार्थ भावना के साथ लोगों को आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान करते हैं। विशेषत: महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में तो इनका योगदान काबिले तारीफ है।

फरीदाबाद से आयीं ब्र.कु. उषा ने सभी का स्वागत किया तथा ब्र.कु. रतन दीदी ने मेहमानों को ईश्वरीय सौगात तथा प्रसाद देकर सम्मानित किया। माउण्ट आबू से आये ब्र.कु. सुरेश शर्मा ने बड़े ही सुंदर ढंग से मंच संचालन किया।

## नैतिक मूल्यों के आधार से करें व्यापार



कार्यक्रम के दौरान ब्र.कु. शिवानी व ब्र.कु. पुष्पा का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते हुए सतपाल गिरधर।

**दिल्ली-पाण्डव भवन।** व्यवसाय का उद्देश्य है खुशी को अनुभव करना। परन्तु हम उस खुशी को तब अनुभव कर सकेंगे जब हमारा मन शांत और स्थिर होगा और हम नैतिक मूल्यों के आधार पर व्यापार करेंगे। उक्त उद्गार दिल्ली स्कूटर्स ट्रेडर्स एसोसिएशन करोल बाग के व्यापारियों के लिए आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में ब्र.कु. शिवानी ने व्यक्त किये।

करोल बाग सेवाकेन्द्र की मुख्य संचालिका ब्र.कु. पुष्पा ने सभी को सुखमय जीवन व्यतीत करने की कला बताई।

दिल्ली स्कूटर्स ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रेज़ीडेंट रवि अजय हंस, वाईस प्रेज़ीडेंट सुरिन्दर कुमार वलेचा व आशा वलेचा, जनरल सेक्रेट्री दीपक सचदेवा, एडवाइज़री बोर्ड मेम्बर लोकेश नारंग, मुल्तान बिरादरी के प्रेज़ीडेंट अशोक गेरा तथा वाईस प्रेज़ीडेंट सतपाल गिरधर ने ब्र.कु. शिवानी तथा ब्र.कु. पुष्पा का स्वागत करते हुए शॉल पहनाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात् एसोसिएशन के प्रमुख सदस्यों को ब्र.कु. शिवानी ने शॉल पहनाया तथा ब्र.कु. पुष्पा ने ईश्वरीय सौगात भेंट की।

## हेल्थ-वेल्थ-हैप्पीनेस फेस्टीवल का आयोजन

**दिल्ली-रजौरी गार्डन।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रजौरी गार्डन सेवाकेन्द्र के सौजन्य से एक 5 दिवसीय आध्यात्मिक मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी, दिल्ली ज़ोन की इंचार्ज राजयोगिनी दादी रुक्मणि व 360 गाँवों की खाप के अध्यक्ष चौधरी राम करन जी ने रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात् दादी हृदयमोहिनी ने पूरे मेले के हर स्टॉल पर जाकर अवलोकन किया तथा मेले के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

उन्होंने मेले की सफलता हेतु शुभकामना संदेश में कहा कि यह मेला हज़ारों आत्माओं को हेल्थ-वेल्थ और हैप्पीनेस देकर उनका कल्याण करेगा। चौधरी राम करन जी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है जो मैं दादी जी के साथ उद्घाटन सत्र में शामिल हुआ।

इस मेले का कई विशिष्ट अतिथियों जैसे सुरेन्द्र सिंह सोलंकी मटियाले वाले, विधायक विजेन्द्र गर्ग, साथ ही कई एन.जी.ओ. के संस्थापकगणों ने भी सपरिवार इस मेले का लाभ लिया। इन संस्थाओं के अतिरिक्त दिल्ली के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 500 से भी अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों प्रधानाचार्यों ने इस मेले का अवलोकन किया व इसकी जानकारी ली।



मेले का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए दादी हृदयमोहिनी। साथ हैं दादी रुक्मणि, ब्र.कु. शक्ति, ब्र.कु. सुदेश,जर्मनी, ब्र.कु. जवाहर व अन्य भाई बहनें।

- रजौरी गार्डन सेवाकेन्द्र ने किया पाँच दिवसीय मेले का आयोजन
- लगभग 35 हज़ार लोगों ने मेले का किया अवलोकन। दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलता था मेला
- मेले का मुख्य आकर्षण चैतन्य नवदुर्गा झाँकी और उसके बाद होने वाला गरबा नृत्य था
- मेले का उद्घाटन दादी हृदयमोहिनी, दादी रुक्मणि व चौधरी राम करण जी ने किया
- मेले में आध्यात्मिक प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स अत्यंत आकर्षणमय थे
- प्रमुख प्रदर्शनी स्टॉल में हेल्थ-वेल्थ हैप्पीनेस स्टॉल था जो दर्शकों का प्रमुख आकर्षण केन्द्र था
- दिल्ली के कई गणमान्य अतिथियों एवं मंत्रियों ने किया मेले का अवलोकन

कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510. सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088,
Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info
सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 190 रुपये, तीन वर्ष 570 रुपये, आजीवन 4500 रुपये । विदेश - 2500 रुपये (वार्षिक) कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 5th Sep 2015
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।